प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001

Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

04 अगस्त 2021

रिज़र्व बैंक ने जनता को पुराने बैंक नोटों और सिक्कों की खरीद-बिक्री के फर्जी प्रस्तावों का शिकार न होने के लिए आगाह किया

भारतीय रिज़र्व बैंक के संज्ञान में आया है कि कुछ तत्व धोखाधड़ी से विभिन्न ऑनलाइन / ऑफलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से पुराने बैंक नोटों और सिक्कों की खरीद और बिक्री से संबंधित लेनदेन में जनता से शुल्क/कमीशन/कर की मांग कर रहे हैं और भारतीय रिज़र्व बैंक का नाम/लोगो का उपयोग कर रहे हैं।

यह स्पष्ट किया जाता है कि भारतीय रिज़र्व बैंक ऐसे मामलों का कार्य नहीं करता है और कभी भी किसी प्रकार का शुल्क/कमीशन की मांग नहीं करता है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने भी अपनी ओर से इस तरह के लेनदेन में शुल्क/कमीशन लेने के लिए किसी संस्था/फर्म/व्यक्ति इत्यादि को अधिकृत नहीं किया है।

भारतीय रिज़र्व बैंक जनता को सतर्क रहने के लिए सूचित करता है और भारतीय रिज़र्व बैंक के नाम का उपयोग करने वाले ऐसे फर्जी/धोखाधड़ी प्रस्तावों के माध्यम से धन निकालने वाले तत्वों का शिकार न बनें।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/634